प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.05.2025 समय : 12:30 पी.एम.

भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच आज बातचीत का कार्यक्रम है। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लम्बे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हस्ताक्षरित विभिन्न एमओयू की प्रगति की कल समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय में होने वाली इस बैठक में पर्यटन, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा–स्वास्थ्य, कपड़ा और वस्त्र तथा ऑटोमोबाइल तथा इलैक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों से संबंधित एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल दिसम्बर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 37 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए थे, जिनमें से करीब 3 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की जा चुकी है।

000

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन नई आवासीय योजनाओं की शुरूआत करेंगे। इन योजनाओं के तहत कुल 765 भूखंडों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जेडीए आयुक्त आनंदी ने बताया कि जयपुर जिले के बस्सी में गंगा विहार, काठावाला में यमुना विहार और बैनाड़ दौलतपुरा में सरस्वती विहार योजना में ये भूखंड उपलब्ध हैं। इन योजनाओं के लिए कल से आवेदन किए जा सकेंगे। भूखंडों का आवंटन 2 जुलाई को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

000

आज बुद्ध पूर्णिमा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांतों पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान बुद्ध का जीवन विश्व समुदाय को हमेशा करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को शुभकामानएं दी हैं।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के उपलक्ष में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद हर साल इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाता है। इस वर्ष का विषय है– "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य–नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण।"

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि नर्सों का कल्याण सीधे तौर पर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मज़बूती और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में नर्सों की करुणा, शक्ति और प्रतिबद्धता की सराहना की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर चिकित्सा क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से सेवारत सभी नर्सिंग कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नर्सिंगकर्मियों का योगदान समाज के स्वास्थ्य और कल्याण की आधारशिला है।

000

रेलवे आज जोधपुर और दिल्ली के बीच पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड स्पेशल ट्रेन का ट्रायल रन करेगा। ये ट्रेन जोधपुर से दोपहर 2 बजकर 50 मिनिट पर रवाना होकर रात 11 बजकर 55 मिनिट पर दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरल टिकट और बिना रिजर्वेशन वाले यात्री सफर नहीं कर सकेंगे।

000

क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। उन्होंने ये घोषणा सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से की। अपने 14 साल के टेस्ट कैरियर में विराट कोहली ने 123 मैचों में 9 हजार 230 रन बनाए। वे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के बाद भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। विराट ने 2011 में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ टेस्ट कैरियर की शुरूआत की और 68 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया।

000